कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) › मंगलवार, 26 सितंबर 2023 › आश्विन 4, शक संवत 1945, भाद्रपद, शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2080 WATCH GOD WATCHDOG पेज 14 › मूल्य सिर्फ 6.00 रु. facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow

राजनाथ ने सौंपा पहला C-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट

देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स

हर जिले में दो थानों की कमान महिला पुलिस को

देखें अंदर

## सुनते हैं कि...

लखनऊ
नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। मंगलवार, 26 सितंबर 2023
www.lucknow.nbt.in

# '724 डॉक्टर काम नहीं महज़ हस्ताक्षर कर रहे'

## फार्मासिस्ट दिवस पर एरा मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बोले ब्रजेश पाठक

■ **एनबीटी सं,लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सभी को अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए तभी व्यवस्था बेहतर तरीके से चल सकती है। प्रदेश में 724 डाक्टर ऐसे थे जो केवल हस्ताक्षर कर रहे थे ड्यूटी पर नहीं आ रहे थे। ऐसे डाक्टरों के खिलाफ लगातार विभागीय कार्रवाई की जा रही है। कुछ पर कार्रवाई हो चुकी है शेष पर जल्द हो जाएगी। वह एरा विवि में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

फार्मेसी काउंसिल व डिप्लोमा फार्मासिस्ट असोसिएशन की ओर से एरा मेडिकल कॉलेज में सोमवार को फार्मासिस्ट दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष संदीप बडोला ने प्रदेश में फार्मेसी रेगुलेशन ऐक्ट लागू किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कई अस्पताल ऐसे हैं जहां फार्मासिस्ट ही नहीं है। इससे मरीजों को समुचित इलाज उपलब्ध कराने में काफी दिक्कत होती है। उन्होंने मांग रखी कि रिक्त पदों को भरा जाए ताकि चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर तरीके से मरीजों को उपलब्ध कराया जा सके। कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहंदी ने कहा कि अस्पतालों में फार्मासिस्ट की भूमिका बेहद अहम होती है। डॉक्टर तो सिर्फ दवा लिखते हैं लेकिन दवा खाने का सही तरीका फार्मासिस्ट ही बताता है।

**मंच से समस्याएं गिनाने पर फटकार:** फार्मेसी काउंसिल के नेताओं की ओर से मंच से समस्या गिनाने पर डिप्टी सीएम ने फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि मंच पर खड़े होकर भाषण देने या दिक्कतें गिनाने से समस्याएं दूर नहीं होतीं। डिप्टी सीएम ने कहा कि कर्मचारी संवर्ग को अगर कोई समस्या है तो शासन से वार्ता करनी होगी। टेबल पर बैठकर द्विपक्षीय वार्ता से ही समस्याएं हल हो सकती हैं। वार्ता के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं। सरकार के द्वारा कर्मचारियों की हर समस्या को निवारण किया जाएगा।

फार्मेसी काउंसिल व डिप्लोमा फार्मासिस्ट असोसिएशन के कार्यक्रम में उठी फार्मेसी रेगुलेशन ऐक्ट लागू करने की मांग।

## फार्मासिस्ट की भूमिका पर की चर्चा

■ **एनबीटी, लखनऊ :** फार्मासिस्ट दिवस पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के फार्मेसी विभाग में ऑनलाइन व्याख्यान हुआ। इसमें यूके के नॉटिंघम विवि के स्कूल ऑफ फार्मेसी की डॉ.ली मेई-की ने फार्मासिस्ट की भूमिका पर चर्चा की। इस मौके पर फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्रियंका केसरवानी और वर्तनी श्रीवास्तव मौजूद रहीं। वहीं बंथरा के जुनाबगंज स्थित महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में संस्थान के निदेशक डॉ. जीशान हुसैन और प्रिंसिपल डॉ. मीना यादव के नेतृत्व में आयोजन हुआ।

## 'डॉक्टर-मरीज के बीच मुख्य कड़ी'

**लखनऊ :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट असोसिएशन की ओर से बलरामपुर अस्पताल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कपिल वर्मा, रजत यादव, अविनाश सिंह, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, रमेश चंद चौधरी, रंजीत गुप्ता, राजेश वरुण और अरविंद सिंह ने फार्मासिस्ट के योगदान पर चर्चा की। अध्यक्ष कपिल वर्मा ने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर और मरीज के बीच अहम कड़ी है।